सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 25 आषाढ़ 1936 (श0) / 16 जुलाई, 2014 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या **143**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 65 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 21 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 22 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग — | 143 |

## पथ का निर्माण

*814. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कोटवा प्रखण्ड के ग्राम डुमरा में अनु० जाति पासवान टोला में सम्पर्क पथ नहीं है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला का सम्पर्क पथ कबतक बनवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*815. श्री रामचंद्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा के योगवलिया घाट बंगरी नदी पर पुल नहीं होने के कारण दर्जनों ग्रामों के आवासित ग्रामीणों को आवागमन में कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*816. श्री सदानंद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा तत्कालीन मुख्य मंत्री को अपने पत्रांक 2192, दिनांक 24 अक्टूबर, 2013 द्वारा सन्हौला प्रखण्ड के ग्राम-भट्टाचक से ग्राम-धुआवै के बीच मैना नदी पर पुल निर्माण हेतु लिखे जाने पर प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को निदेश दिया गया था, यदि हाँ, तो उक्त पुल का निर्माण अभीतक प्रारंभ नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

## सड़क का निर्माण

*817. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर विधान-सभा क्षेत्र के चट्टी चौक से फेकला चौक तक का सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीण सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से 2 वर्ष पूर्व पथ निर्माण को पथ बनाने हेतु एन०ओ०सी० दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पथ निर्माण हेतु एन०ओ०सी० मिलने के बाद भी अभीतक सड़क निर्माण की दिशा में कोई कार्य नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

कटाव से बचाव

*818. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत कतरीसराय प्रखण्ड के सकरी नदी के निकट गोबर्द्धन बिगहा गाँव में नदी द्वारा बरसात के दिनों में कटाव होता है तथा नदी के कटाव की वजह से कोड़रीबीघा बधदुरगंज, शाहाबाद आदि गाँवों में भीषण कटाव की स्थिति हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी के कटाव से बचाव हेतु समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*819. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम पंचायत राज चकनूर, हकीमाबाद, खिजनारए जौध, पोखटेढा, सिंघिमार खुर्द एवं ताजपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज शाहपुर बमाथी, आधारपुर में पंचायत का सरकारी भवन नहीं हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पंचायत सरकारी भवन नहीं रहने से ग्रामीणों को पंचायत का कार्य करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायतों में पंचायत सरकारी भवन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

आवास बनवाना

*820. श्री तौसीफ आलम—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के टेढ़ागाच्छ प्रखण्ड में अंचलाधिकारी का आवास काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे वहाँ के पदाधिकारी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अंचलाधिकारी आवास बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*821. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा अनुमंडल मुख्यालय की मुख्य सड़क (दनियावाँ-हिलसा रोड) खाकी बाबा पुल से योगीपुर मोड़ तक अत्यन्त जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

आवास उपलब्ध कराना

*822. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव विधान-सभा में नरौनी, बनौली, नारायणपुर, नगरी, हवेलीपुर, सेमराँव, बरडीहाँ एवं रतनपुर आदि गाँवों में महादलित परिवार को रहने के लिये पक्का भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में महादलित परिवार के लिये इंदिरा आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*823. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड के साड़माप पंचायत अंतर्गत संलौजा गाँव के निकट भूरहा नदी में पुल का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार संलौजा ग्राम के निकट भूरहा नदी पर पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*824. श्री रामानंद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत एन०एच० 30 कच्चीदरगाह से गुलमहीयाबाग, पुनाडीह, नत्थाचक, बराटपुर सोनावाँ रक्षा बाँध कोठिया अंगार मठ होते हुये मरची तथा कर्णपुरा से बैरिया तक ग्रामीण पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण के संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग को दिनांक 14 मार्च, 2011 को पत्र लिखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख के पत्र सं० प्र०87/पथ अधि० 19-49/11-205ए पटना, दिनांक 24 मई, 2011 को उक्त पथ के अधिग्रहण के संबंध में पथ का फिजिबिलिटी प्रतिवेदन तथा लम्बाई-स्वामित्व एवं नक्शा इत्यादि के साथ उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, पटना सिटी को लिखा गया लेकिन अभीतक पथ निर्माण विभाग ने अधिग्रहण की कार्रवाई नहीं की है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*825. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सकरी से बेहरा पथ का निर्माण कार्य नवम्बर, 2013 में समाप्त हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का सरकारी मानक के अनुसार सामग्रियों का उपयोग नहीं किया गया है, जिसके कारण पथ टूटना शुरू हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टूटे हुये पथ की जाँच कराकर सड़क का निर्माण कार्य एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*826. डॉ० अरूण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड में बेला टोला से कोसी बाँध जानेवाली सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2009 में ही प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक के द्वारा बेलाटोटम से कोसी बाँध तक एकरारनामा किया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि बेला टोल से वैडीपुल तक ही सड़क का निर्माण किया गया है, आगे कार्य बंद है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*827. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के अन्तर्गत काझी से रसाढ़ तथा रसाढ़ नहर पुल से रानीगंज सीमा तक का सड़क जो मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत वर्ष 2010 में बनाई गई है, वह अत्यन्त ही जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट, बालू, गिट्टी का प्रयोग नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण का जाँच कराकर पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*828. श्री रामचन्द्र सदा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत अलौली विधान सभा क्षेत्र में विसनपुर बखरी सड़क की स्थिति जर्जर है;.

(2) क्या यह बात सही है कि विसनपुर-बखरी सड़क के शुम्भा से बखरी तक 1987 के प्रलयंकारी बाढ़ में टूट जाने के बाद आजतक पक्की सड़क नहीं बना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

नलकूप चालू करना

*829. श्री कौशल यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखण्ड के ग्राम पंचायत ओहारी के ग्राम-पचम्बा स्थित नलकूप विगत 12 वर्षों से खराब पड़ा है जिससे गाँव के सैकड़ों एकड़ जमीन पानी के अभाव में बंजर हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास मुहैया करना

*830. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के राजपुर में महादलित के परिवारों को रहने के लिये आवास नहीं रहने के कारण वे लोग खुले आसमान के नीचे रहते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा आवास विहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन देने तथा इंदिरा आवास का लाभ देने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन तथा आवास विहीन परिवारों को जमीन तथा इंदिरा आवास का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य कराना

*831. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 525/09, दिनांक 6 अक्तूबर, 2009 के आलोक में विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुये बक्सर-कोईलवर तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं शाहपुर प्रखण्ड के मरचैया डेरा के पास स्लूईस गेट का निर्माण तथा तटबंध के शीर्ष पर ब्रीक सोलिंग का कार्य कराने हेतु जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमति दिसम्बर, 2009 में ही बाढ़ प्रबंधन योजनान्तर्गत माँगी गयी है, जिसका एजेंडा सं० 101/277 है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त कार्यों को कराने का विचार रखती है ?

नाली सहित पी०सी०सी० कराना

*832. श्री राजेश्वर राज --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखण्डान्तर्गत नवरतनपुर मुसहरटोली (ट्राँसफार्मर) से पश्चिम उमेश प्रसाद के मकान से मंगल दास के मकान तक कच्ची पथ होने के कारण नाली का गंदा पानी पथ पर भरे रहने के कारण आम जनता को जाने-आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पी०सी०सी० ढलाई जल निकासी नाली सहित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*833. श्री आन्नदी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के जानकी नगर (विनोवा ग्राम) के निकट गंगापुर से अररिया जिला के खजुरी बाजार, गुप्ता चौक तक जाने वाली जानकी नगर शाखा नदी के पश्चिम तट (बाँध) पर विभाग ने वर्ष 1977-78 में पक्की सड़क का निर्माण किया था जो अब पूरी तरह जर्जर और ध्वस्त हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ध्वस्त सड़क के दक्षिण छोर पर दोनों तरफ सघन आबादी वाले दो दर्जन गाँव बसते हैं और उत्तरी छोर पर (एस०एच० 77) स्टेट हाइवे और दक्षिणी छोर पर (एन०एच० 107) नेशनल हाईवे गुजरती है तथा उक्त ध्वस्त सड़क लिंक पथ का भी काम करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ध्वस्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

## चहारदीवारी का निर्माण

*834. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत शास्त्रीनगर के आवास सं० 313/800 से 318/800 तक में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं के आतंक से आवासितों को रहने में काफी कठिनाई होती है तथा अक्सर चोरी की घटनायें घटित होती रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवास के चहारदीवारी करवाने हेतु आवासितों द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व संबंधित विभाग में आवेदन दिया गया था जिस पर विगत छ: माह पूर्व उक्त आवास के चहारदीवारी करवाने हेतु प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग का आदेश भी प्राप्त हो चुका है;

(3) क्या यह बात सही है कि विगत छ: माह पूर्व आदेश होने के उपरांत भी चहारदीवारी निर्माण का कार्य आजतक प्रारम्भ नहीं किया गया;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवास की चहारदीवारी करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पक्की सड़क से जोड़ना

*835. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखण्ड के बरैय पंचायत में सुंगहिया गाँव में महादलित और अतिपिछड़ों की आबादी लगभग 2000 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव को अभीतक पक्की सड़क से नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*836. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2009-10 में शेरपुर मोड़ से जलालपुर-सराय-आजमपुर पथ का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसे एक वर्ष में पूर्ण करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण में सिर्फ मिट्टी भराई एवं जी०एस०बी० का कार्य हो पायी है, निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से बन्द है, जिससे पथ पर वाहनों का परिचालन में काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## आवासों की मरम्मती

*837. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर तथा आजमनगर प्रखण्ड कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये बना आवास विगत 20 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आवासों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

## सड़क का निर्माण

*838. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्ड अंतर्गत रहुआ संग्राम पंचयात के वार्ड-12 पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क से पूर्व मुखिया विन्देश्वर यादव के घर होते हुये सरयुग पंडित के घर तक का सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क की मरम्मती

*839. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अंतर्गत हरियानी प्रखंड के लहसुरका गाँव में लालबाबू पासवान के घर से रामपुर ब्रह्मदेव मंडल के घर तक एक कि०मी० आर०ई०ओ० सड़क वर्ष 2004 के बाढ़ में अस्तित्व विहिन हो गया है ;

(2) क्या यह बात्त सही है कि उक्त सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती एवं कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## भवन का निर्माण

*840. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दानापुर प्रखण्ड कार्यालय का भवन काफी पुराना हो चुका है, जिसके कारण बरसात के दिनों में यहाँ कार्यरत कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड परिसर का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण एवं परिसर के भीतर जल-जमाव होने के कारण काफी दिक्कतें आती हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड कार्यालय का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने तथा परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*841. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत एन०एच० 80 घोरघट पुल का निर्माण विगत तीन वर्षों से चल रहा है, लेकिन आजतक कार्यों का रफ्तार अत्यंत ही धीमा होने के कारण बड़े वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

तटबंध की मरम्मती

*842. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम दरियापुर (विशनपुर) से भाया मोरदीवा सूराजपुर होते हुये उजियारपुर प्रखण्ड की ओर जाने वाली बूढ़ी गण्डक नदी का दायाँ तटबंध काफी जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार ऊपर वर्णित स्थल पर कबतक तटबंध मरम्मती का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*843 श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड नुआँव में कारीराम गाँव के सामने कर्मनाशा नदी में एवं सोनवर्षा गाँव के सामने धर्मावती नदी में पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँव के सामने कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*844. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 के तरहुत कैनाल के 25 आर०डी० के नहर पर बन रहे पुल का निर्माण ठीकेदार/पेटी ठीकेदार द्वारा पीलर निर्माण कर 6 माह पूर्व से कार्य छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण वर्ष 2012 में पूरा करना था, लेकिन आजतक 50 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समय पर कार्य नहीं पूरा करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करते हुये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आई०टी०आई० केन्द्र खोलना

*845. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर, इसुआपुर एवं तरैया प्रखण्डों में एक भी आई०टी०आई० केन्द्र नहीं है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्र एवं छात्रायें प्रशिक्षण प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में कबतक आई०टी०आई० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन चालू करना

*846. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत चांदन (पांडेयडीह) लाहाबन सड़क के 7वें किलो मीटर में स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*847. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के ग्राम पंचायत फरका बुजुर्ग जाने वाली सभी सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के फरका बुजुर्ग ग्राम पंचायत के खजुरी तीन मोहानी से वजवातरी गाँव होते हुए जोब जलाशय डैम तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*848. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग के बेलहर-चिरौंता पथ के जर्जर रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*849. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय-''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचदेवरी रकबा से मिश्रौली तक जाने वाली सड़क की स्थिति विगत 7 वर्षों से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो जाने से आवागमन बाधित है जिससे ग्रामीणों एवं स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रशासनिक नियंत्रण में काफी कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

### ट्यूबवेल लगाना

*850. श्री जाकिर हुसैन खान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत शरणपुर, मदनपुर, रामपुर, पश्चिम-रामपुर पूरब, बसंतपुर, बेलवा, कमलदाहा, चिकनी, संदलपुर, पैक टोला, गौरा, बांसवाड़ी, गियारी, गईयारी, हरियाबाड़ा, रामपुर-कुदरकट्टी, भोजपुर, बांडोब, कुसियार गाँव, चन्द्रदेई तथा हयातपुर पंचायतों में सरकारी ट्यूबवेल नहीं रहने के कारण पटवन के अभाव में किसानों का हजारों-हजार एकड़ में लगी फसल नष्ट हो जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में नये ट्यूबवेल के निर्माण 7 माह पूर्व में कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, अररिया को पत्र देने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### भवन का निर्माण

*851. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा अंचल का कार्यालय 20 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### सड़क का निर्माण

*852. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड में सकरडीह संदेश पथ से (बचरी) से पन्डुरा रामपुर जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### सड़क की मरम्मती

*853. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली से मोहनपुर होते हुए बधंजी तक जाने वाली विभागीय सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

माईनर का जीर्णोद्धार

*854. श्री वृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत चाँद प्रखण्ड में स्थित खरौली बीयर से सोगर सीमा तक माईनर का जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण 2000 (दो हजार) एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त माईनर की जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध का जीर्णोद्धार

*855. श्री वृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड में स्थित रमौली बाँध टूट जाने के कारण सिंचाई कार्य बाधित हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाँध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*856. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के धावा नदी पर पचार पहाड़ के पास (दाव शहीद) एवं ग्राम अपकी के पास नदी में पुल नहीं है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*857. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखण्ड के पीताम्बर ग्राम से पूरब बखरी जाने वाली सड़क में लखनदेई नदी पर पुल नहीं रहने के कारण साल के छः माह आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*858. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आजादी के 67 वर्ष बीत जाने के बावजूद पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखण्ड के ग्राम बजड्डी से एक गछया पथ का निर्माण आजतक नहीं हो सका तथा सड़क कच्ची एवं जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला एवं सड़क का निर्माण

*859. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के पुनाइचक बेली रोड स्थित 40-टाइप ऑफिसर्स फ्लैटों में नाला एवं सड़कों के ध्वस्त होने के कारण बरसात के दिनों में इन फ्लैटों के अंदर और बाहर जलजमाव होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा साथ ही महामारी फैलने की भी संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त 40-टाइप ऑफिसर्स फ्लैटों में कबतक नाला एवं सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अधूरे कार्य को पूर्ण करना

*860. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास स्थित फुलपरास थाना की ओर जाने वाली सड़क एवं एन0 एच0 57 के अन्दर पास के निकट सर्विस रोड खाई में बदल चुका है तथा अधिक बारिश होने पर आवागमन बाधित हो जाता है साथ ही उक्त जल निकासी हेतु निर्मित नाला अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार नाला अधूरा छोड़ने वाले निर्माण कम्पनी के विरुद्ध एवं नाला को पूर्ण कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूप का निर्माण

*861. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम धासपुर, नौबतपुर, लोटनपूर्वी एवं पश्चिमी, पलठपुरा, हरगाँवा, ईटौरा, परोहा, पलनी, सिंगथू, देवघर, छातो, दरियापुर, बैजनाथपुर, देवकली, मखदुमपुर एवं विसुनपुर में सिंचाई की सुविधा के लिये नये राजकीय नलकूप का निर्माण हेतु आवेदन प्रश्नकर्ता सदस्य ने अपने पत्रांक 340, दिनांक 25 सितम्बर, 2012 के द्वारा विभाग को दिया है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्नाधीन ग्राम में नया राजकीय सिंचाई नलकूप निर्माण कबतक करान। चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*862. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री संजीवन चौधरी, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, जल संसाधान विभाग के विरुद्ध पाँच आरोप एवं 7,67,604/रु० के फर्जी राजस्व गणना का आधार बनाकर विभागीय कार्रवाई संचालित की गयी थी तथा जाँच प्रतिवेदन विभागीय निगरानी को भेज दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय निगरानी द्वारा अभीतक कोई कार्रवाई नहीं करने से श्री चौधरी को सेवानिवृत्ति के उपरांत देय लाभ 10% पेंशन, 10% ग्रेच्युटि, उपार्जित अवकाश वेतन लगभग 10,00,000/ (दस लाख) रु०, रूपांतरित राशि, तीसरा ए०सी०पी एवं दो वेतन वृद्धि एवं मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति से वंचित रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री चौधरी को सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाले सारे लाभ दिलाने एवं विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*863. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम-आरा पथ निर्माण कार्य सी०पी०डब्लू० कन्सट्रक्शन कम्पनी के द्वारा 2008-09 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कम्पनी द्वारा ओभर ब्रीज से लालगंज नहर तक सड़क के दोनों तरफ नाला का भी निर्माण करना था ;

(3) क्या यह बात सही है कि पथ के दोनों तरफ नाला निर्माण नहीं होने से बरसात में सड़क का पानी दोनों तरफ लोगों के घर में जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरा-सासाराम पथ के दोनों तरफ नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरा कार्य पूरा करना

*864. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड के आरा-सहार पथ से मड़नपुर गाँव जाने के लिये सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण मड़नपुर गाँव तक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के छुटे भाग का निर्माण कबतक करवाना चाहती है ?

## तटबंध का पक्कीकरण

*865. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड-दरियापुर के पट्टी पुल से माही नदी के दोनों तरफ के तटबंध पर पक्कीकरण का कार्य हुआ है, जिससे कुछ कार्य शेष रह गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बचे शेष कार्य नहीं होने के कारण आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध के दोनों तरफ पक्कीकरण कराने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ की मरम्मती

*866. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखंडान्तर्गत चकरदाहा मोड़ से नवरतनपुर पुल तक जाने वाली पथ की वर्ष 2013-14 में मरम्मती हेतु स्वीकृत 25 लाख रुपये की निकासी दिनांक 28 मार्च, 2014 को कर ली गई, जबकि महम्मदपुर पुल से पूरब लगभग आधा कि0मी0 गड्ढे में तब्दील पथ की मरम्मती आजतक नहीं की गई, जिससे आवागमन में आमजन को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त शेष पथ की मरम्मती कराते हुये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*867. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत ग्राम-तेलौंधा से बनियड्डा पथ को मार्च, 2014 में ही पूर्ण करना था, लेकिन आजतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*868. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत किऊल कुन्दर पथ में धनवट से गोपालपुर तक जर्जर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क धनवह से गोपालपुर तक का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों ?

पथ की मरम्मती

*869. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के बैरिया प्रखण्ड के संतघाट से पखनाहा तक 12 कि0मी0 सड़क बिल्कुल जर्जर हो गया है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

नहर का जीर्णोद्धार

*870. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखण्डान्तर्गत अमेया से सबेया नहर विगत 5 वर्षों से अपशिष्ट पदार्थों के भर जाने से सिंचाई कार्य बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क बनाना

*871. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बीरपुर प्रखंड अंतर्गत पकड़ी ग्राम पी0डब्ल्यू0डी0 पथ छतवन पेड़ के निकट से भवानंदपुर बजरंगवली मंदिर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*872. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोन नहर प्रणाली से जुड़े भोजपुर जिला के जैतपुर रजवाहा की सफाई नहीं होने तथा तटबंधों का सुदृढ़ीकरण के अभाव में पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है, जिसके चलते किसानों की खेती बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जैतपुर रजवाहा की सफाई एवं तटबंधों की सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

आहर की उड़ाही

*873. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पहरावाली के ठाकुर बिगहा ग्राम का सहजूआ बड़का आहर की उड़ाही एवं चहका का निर्माण नहीं होने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आहर की उड़ाही एवं चहका निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क की मरम्मती

*874. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड में खोजूचक से भाया करूआ होते हुये महानन्दपुर जानेवाली सड़क का निर्माण वर्ष 2006-07 में ही किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क की स्थिति जर्जर हो जाने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

## संपर्क पथ से जोड़ना

*875. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड के गेरूआ, पुरसंडा पंचायत अन्तर्गत राता फौल नं0 3 से राता मुसहरी तक कोई सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार राता मुसहरी को एकल संपर्क पथ से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## पोल हटाना

*876. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड अन्तर्गत सिलाव-गिरियक पथ से नहर पर होते लक्ष्मीपुर गेट तक पथ निर्माण मुख्य मंत्री सड़क योजना मद से वर्ष 2012-13 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नाधीन पथ पर बीच में लक्ष्मीपुर गेट से पश्चिम रोड पर बिजली का खम्भा गाड़ा हुआ है जिसके चलते गाड़ी आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिजली के खम्भा में तार भी नहीं लगा हुआ है तथा खम्भा हटाने का पर्याप्त जगह है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिजली के पोल को हटवाकर रोड का निर्माण कराने पर विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

## क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण

*877. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड के योगिया, औरंगाबाद पुरानी जी0टी0 रोड पर बटाने नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

पुल का निर्माण

*878. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत बारून प्रखंड के खैरा-गम्होर रोड में महावीरगंज के पास बटाने नदी में पुल नहीं होने से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*879. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड के अंतर्गत करवा पंचायत में श्री रामलोचन सिंह के घर से मठीया टोला होते हुये पारसा तक पथ का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल-2 छपरा, सारण द्वारा कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हो रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर मिट्टी संवेदक द्वारा सड़क के बगल के जमीन मालिकों के खेत से काटा जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी असंतोष है जबकि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस पर रोक लगाया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण से मुक्ति

*880. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही, फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित आर०डब्लू०डी० से नहरहीया, कुपहा, नवनिर्मित सड़क में भारी अतिक्रमण के कारण आवागमन में भारी कठिनाई होती है और सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है, यदि हाँ, तो वर्णित सड़क से अतिक्रमण हटाने हेतु सरकार कबतक कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*881. श्री रामेश्वर प्रसाद—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पुसा प्रखण्ड के चन्दौली पंचायत के बनकुरवा चन्दौली चौक से सलेष स्थान (दुर्गा मंदिर) तक वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत सड़क निर्माण के लिये स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना स्वीकृत होने के बावजूद आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रख-रखाव करना

*882. श्री प्रेम कुमार—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी के विभिन्न चौक-चौराहों और गोलम्बरों पर महापुरुषों की कई आदमकद मूर्तियाँ लगी हैं, पर उचित रख-रखाव के अभाव में इनकी प्रतिष्ठा धूमिल होती जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि देश का नाम रौशन करने वाले इन महापुरुषों को साल में दो दिन, एक बार इनकी जयंती पर और दूसरी पुण्यतिथि पर याद किया जाता है, इन्हीं दो दिन यहाँ साफ सफाई और रंग-रोगन होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महापुरुषों की प्रतिमाओं के वर्ष भर उचित रख-रखाव का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल पूरा करना

*883. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के माणिकपुर दुर्गा स्थान के नजदीक करखे नदी पर लोहापुल 25 वर्षों से अर्द्धनिर्मित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल के निर्माण नहीं होने से आने-जाने वाले लोगों को कठिनाई तथा दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माणिकपुर करखे नदी पर अर्द्धनिर्मित पुल को पुरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

*884. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर् प्रखण्ड मुंगेर के कुतुलुपुर पंचायत वार्ड नं० 1 परोरा टोला में 35 घर का महादलित टोला है जहाँ सार्वजनिक शौचालय एवं चबुतरा नहीं रहने के कारण महादलित परिवारों को खुले आसमान के नीचे शौचालय करने को मजबूर हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2009-10 में निर्णय लिया है कि पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित एवं महादलित परिवारों की सुविधा हेतु सार्वजनिक शौचालय एवं चबुतरा का निर्माण करायेगी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महादलित परिवार वालों के हित में सार्वजनिक शौचालय एवं चबुतरा का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

निविदा नहीं निकालने का क्या औचित्य

*885. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के बहराम नगर बाँध से मधौल जाने वाली सड़क में बाँध किनारे पुल एवं सड़क का प्राक्कलन 6 माह पूर्व बना, लेकिन आजतक निविदा नहीं निकाला गया है, यदि हाँ, उक्त पुल एवं सड़क का निविदा नहीं निकालने का क्या औचित्य है ?

---------

सड़क की मरम्मती

*886. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड के तैयबुर दैबीचौक से सोनापुर बंगाल सीमा तक आर०ई०ओ० (11 कि०मी०) रोड जर्जर है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रोड की कबतक मरम्मती या निर्माण पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*887. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 30 मार्च, 2014 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''राज्य में स्वास्थ्य बीमा योजना में धांधली'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन यूके की संस्था पैक्स के सहायोग से वर्ष 2012-13 से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पैक्स अधिकारियों ने प्रवेश के निजी अस्पताल के संचालकों द्वारा अनियमितता बरतने की सूचना सरकार को विगत् एक वर्ष पूर्व ही दे दिया था, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गरीबों की इस योजना में अनियमितता बरतने वाले दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

विकास केन्द्र खोलना

*888. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के बहेड़ी पश्चिमी बहेड़ी पूर्वी, इनाई, धवीडीह दक्षिणी, बघौनी पंचायत एवं बिरौल प्रखंड के अरगा उसड़ी, मनोर, भौराम, देकुली-जगनाथपुर कमरकाला, ईटवा शिवनगर, पड़री, पटमिया सहसराम, पोखराम उत्तरी, डुमरी, भवानीपुर, रोहार महमूदा एवं कहुआ सभी पंचायतों में कौशल विकास केन्द्र खोलने हेतु वर्ष 2011 से ही जमीन उपलब्धता के बावजूद भी केन्द्र आजतक नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में कौशल विकास केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*889. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखण्ड के पिपरा-पिपरासी तटबंध के 18 एवं 19 कि०मी० ठोकर के बीच टूटनहनवा के पिपी तटबंध में स्लूईस गेट नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण उक्त स्थानों पर जल-जमाव हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*890 श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जून, 2014 के अंक में छपी ''केसरिया लचका पुल के निर्माण की गति से डोल रहा विश्वास'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण निगम द्वारा बनाये जा रहे इस पुल का कार्य 14 अगस्त, 2013 में पूर्ण करना था, जिसको लगभग 10 माह बीत जाने के बाद भी निगम के प्रतिवेदन के मुताबिक अबतक मात्र 40 प्रतिशत ही काम हो पाया है तथा जो काम हुआ है वह भी गुणवत्तापूर्ण नहीं है और काम अभी बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चकिया केसरिया मुख्य मार्ग में अवस्थित इस पुल के निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है तथा बराबर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समय पर कार्य पुरा नहीं करने एवं गुणवत्ता विहीन कार्य कराने वाले संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

कटाव से बचाव

*891. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंड के मुढ़ेरी पंचायत के अगैया पुल से सटे कब्रगाह के निकट महाने नदी का पानी के तेज बहाव के कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महाने नदी के कटाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने से उक्त पंचायत के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के कटाव को रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*892. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड सुगौली में बेलवतिया रघुनाथपुर प्रधान मंत्री सड़क में शीतलपुर हरिजन टोली के आगे लचका पुल ध्वस्त हो जाने के कारण आवागमन में घोर कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त लचका पुल के स्थान पर कबतक नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*893. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड के भवानीपुर डोमवा चौक से राजीव चौक होते हुए मनही गाछी तक का सड़क पूरी तरह वर्ष 2013 से जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*894. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में सरकार द्वारा 250 की बसावह वाली गाँवों को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत तुकौलिया मुख्य पथ से ग्राम धुमली परसा जाने वाली कच्ची सड़क का पक्कीकरण आजतक नहीं किया गया है, जबकि आबादी 3000 से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संपर्क पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

डैम का निर्माण

*895. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला बांका, प्रखंड कटोरिया के निकट एक गरमाशन डैम निर्माण करने की कार्रवाई वर्ष 1990 से बंद पड़ी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में मुख्य मंत्री के सेवा यात्रा के दौरान जनता द्वारा इस मुद्दे को उठाये जाने पर शीघ्र कार्रवाई करायी गयी और उक्त डैम का प्राक्कलन (डी०पी०आर०) तैयार कराकर विभाग में अंतिम स्वीकृति हेतु अबतक लंबित पड़ी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डैम का कार्य कब से प्रारंभ करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*896. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत एन०एच० 57 से बलिया भैरव स्थान तक का सड़क वर्ष 2012 से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब का जीर्णोद्धार

*897. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखंड के चन्दौली पंचायत के पंचायत भवन स्थित तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में स्वीकृति दी गयी थी, परन्तु योजना स्वीकृत होने के बावजूद आजतक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, जिससे आमजनों एवं कृषकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तालाब की जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*898. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के खगौल से आदमपुर होते हुए आशोपुर पथ जर्जर स्थिति में है जिस कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इस सड़क को कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*899. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड अन्तर्गत अब्दुला चौक से वासुदेव चन्देल ग्राम होकर महनार जाने वाली सड़क में ग्राम वासुदेवपुर चन्देल में वाया नदी पर अवस्थित पुल की स्थिति एकदम जर्जर है जिससे क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सायफन का निर्माण

*900. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्डान्तर्गत कोसी नहर डूमरी गाँव होते हुये गुजरती है, जिसमें दो सायफन है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों सायफन बुरी तरह ध्वस्त हो जाने के कारण पानी का निकास अवरुद्ध हो गया है; जिस कारण बहुत बड़े भू-भाग का फसल बर्बाद हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ध्वस्त सायफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*901. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखण्ड के चनडेल पथ में ग्राम खाता टोली पी०एम०आर०वाई० पथ से कन्नहों राजवंशी टोला होते हुये ग्राम गंगरिया तक सड़क कच्ची अवस्था में है जिससे आमजनों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूप चालू करना

*902. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड के टिकुलीया में 3, हराज 2, बासननपुर 3, रूलही 4 तथा सिरसा 2, पंडितपुर में 1 नलकूप वर्षों से बन्द होने के कारण किसान पटवन से वंचित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सभी नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रेलिंग का निर्माण

*903. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुजफ्फरपुर-पूसा पथ में राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, ढोली के पास वित्तीय वर्ष 2011-12 में पुल का निर्माण हुआ हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों किनारे रेलिंग का निर्माण नहीं होने से अबतक कई दुर्घटनाएँ हो चुकी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्मित पुल के दोनों किनारे सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलिंग का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

सड़क की मरम्मती

*904. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के चिचवाबाड़ी मोड़ से भाया पोठिया प्रखण्ड होते हुये बंगाल सीमा तक 12 कि०मी० रोड जिसमें 6 कि०मी० पी०डब्लू०डी० में और 6 कि०मी० आर०इ०ओ० में है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिचवाबाड़ी मोड़ से पोठिया प्रखण्ड मुख्यालय तक पी०डब्लू०डी० सड़क का मरम्मत कार्य हो चुका है किन्तु पोठिया प्रखण्ड मुख्यालय से आर०इ०ओ० रोड में होने के कारण विगत कई वर्षों से कोई भी मरम्मत कार्य नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि मरम्मत नहीं होने के कारण रोड जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आये दिन सड़क में दुर्घटना होते रहती है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 6 कि०मी० आर०इ०ओ० सड़क को पी०डब्लू० डी० में लेकर मरम्मत कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----------

डी०पी०आर० बनाना

*905. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग प्रमण्डल 2, गोपालगंज पत्रांक 958, दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 द्वारा प्रधान मंत्री सड़क योजना अन्तर्गत बैच 11 के 15 अद्द पथों का योजना तैयार करने हेतु चयनित कंस्लटेंट ''आयोलिजा'' को दी गयी थी, जिसमें मात्र 8 पथों का ही डी०पी०आर० तैयार की गई एवं शेष 7 पथों का सर्वे कार्य एवं डी०पी०आर० समर्पित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल 2, गोपालगंज द्वारा पत्रांक 991, दिनांक 28 दिसम्बर, 2013 द्वारा सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को कार्रवाई हेतु पत्र लिखा गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 7 पथों का डी०पी०आर० बनाने का विचार रखती है ?

--------

सड़क बनाना

*906. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत अमदाबाद में थाना चौक से छोटा रघुनाथपुर होते हुये गोलाघाट तक की सड़क बिल्कुल ही जर्जर और आवागमन लायक नहीं है, जिसके चलते आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल चालू करना

*907. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम सादापुर में पिछले 15 वर्षों से राजकीय ट्यूबवेल बिजली के अभाव में बन्द पड़ा है, जिसके कारण पटवन का कार्य बाधित है,यदि हाँ, तो सरकार उक्त राजकीय ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई

*908. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखण्ड के कुमारी देवी चौक सुरहाँ, लोकनाथपुर, एन0 एच0 28 बैरिया से धरमूहाँ पथ, सिरसामचा बलुआ झखड़ा महादलित बस्तीपर, एन0 एच0 पीपराकोठी से पँडितपुर गोपाल चौक सभी प्रधान मंत्री पथ एवं मुख्य मंत्री पथ परपड़िया भैया कानू टोला होते हुये हसुआहाँ पथ की निविदा वर्ष 2008-09 में की गयी थी तथा कार्य आरंभ होने के बाद गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि गुणवत्ता से संबंधित शिकायत की जाँच प्रश्नकर्ता द्वारा प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य, जिला पदाधिकारी से वर्ष 2011 में की गयी थी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य की जाँच कराकर जिम्मेदार अधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव से बचाव

*909. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के बगलवाड़ी पंचायत अंतर्गत बैरबन्ना एवं बगलवाड़ी गाँवों को महानन्दा नदी के कटाव से खतरा उत्पन्न हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों को महानन्दा नदी के भीषण कटाव से कबतक बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य पूर्ण करना

*910. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के बेदाबबुरा मुख्य नहर पथ का निविदा प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 2008 में हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के संवेदक का निविदा रद्द कर दी गयी थी, जिसके कारण कार्य अधूरा रह गया था;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पेंशन दिलवाना

*911. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर, बिहपुर एवं खरीक प्रखण्ड के वृद्धापेंशन लाभार्थी को पिछले डेढ़ वर्षों से पेंशन नहीं मिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि एकमात्र वृद्धापेंशन पर आश्रित लाभार्थी नहीं मिलने के कारण उनकी हालत दयनीय हो गयी है और मरने के लिये मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेंशनधारियों को पेंशन दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला सफाई करना

*912. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के तुलापट्टी पंचायत के ग्राम बहुअरवा में बहुअरवा गम्हरिया उप-शाखा नहर की बिन्दु दूरी 104.2 से एक ग्रामीण नाला पूरब दिशा की ओर निकलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का वर्ष, 2012 से बाधित होने के कारण आस-पास के 150 एकड़ जमीन की सिंचाई बाधित है, जिससे किसानों को बिना पटवन किये शुल्क देना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पक्कीकरण

*913. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा का कस्वन, भखन पथ विगत 7 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ को जोड़ना

*914. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री पथ टाडडी एवं फरीदपुर प्रधानमंत्री पथ के बीच एक कि॰मी॰ पथ नहीं बनने से दोनों प्रधानमंत्री पथों का सम्पर्क टूटा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*915. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अंतर्गत मोहनपुर ग्राम पंचायत के विसनपुर रक्खाटोला में पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिये कार्यपालक अभियंता, क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमण्डल-1 कटिहार का कार्यादेश ज्ञापांक 744, दिनांक 18 सितम्बर, 2013 द्वारा निर्गत है और उसमें एग्रीमेंट सं॰ 35 एफ॰, दिनांक 18 सितम्बर, 2013 द्वारा एग्रीमेंट भी किया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल पदाधिकारी, मनसाही के पत्रांक 375, दिनांक 13 जून, 2013 और वरीय उप-समाहर्ता-सह-सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, कटिहार के पत्रांक 481, दिनांक 24 अक्टूबर, 2013 द्वारा विसनपुर में ही उक्त भवन निर्माण के लिये उपयुक्त स्थान बताया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन को शीघ्र बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*916. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिले में उसरी पक्की सड़क से भीखमपुर पक्की सड़क का कालीकरण का कार्य 2007 में शुरू किया गया है, जो अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य की निविदा का 80 प्रतिशत भुगतान ठीकेदार को कर दिया गया है परन्तु अभीतक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं पर कार्य में लापरवाही बरतने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*917. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बाबूबरही प्रखण्ड ग्राम बेलारदीरा, जटही, कौआही सोनमती इत्यादि एवं लदनियाँ प्रखण्ड के विशुनपुर, लक्ष्मीनियाँ, धर्मबोन, भुतहा, एकहरी, गजहारा इत्यादि गाँ में अवस्थित सभी लिफ्ट ऐरिगेशन एवं स्टेट बोरिंग विभिन्न कारणों से कई वर्षों से खराब पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस इलाके के किसानों को जमीन रहते हुये भी वर्षा के अभाव में तथा सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं रहने के कारण भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दो प्रखण्डों के सभी लिफ्ट ऐरिगेशन एवं स्टेट बोरिंग को चालू कराकर कबतक किसानों को सिंचाई की सुविधा मुहैय्या कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*918. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के गुरारू मथुरापुर एस०एच० रोड में वर्मा मोड़ से महुआइन महादलित टोला होते हुये मध्य विद्यालय, महुआईन तक जानेवाली कच्ची सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण संस्थान खोलना

*919. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि श्रम संसाधन विभाग के वार्षिक कार्यक्रम 2013 14 के तहत् राज्य में 500 नये औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों के स्थापना हेतु निजी क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्ष्य के अनुरूप निजी क्षेत्रों को अबतक प्रोत्साहित कर 500 नये औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य में 500 नये औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने की क्या कार्य योजना है ?

---

पुल का निर्माण

*920. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत कुर्साकांटा प्रखंड को सिकटी प्रखंड से जोड़ने वाली दोन सड़क में पड़रिया घाट पर पुल निर्माण वर्ष 2011 में प्रारंभ की गयी किन्तु नदी की चौड़ाई बढ़ जाने के कारण पुल की लम्बाई बढ़ाने के लिये प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता, अररिया ने विभाग को वर्ष 2012 में समर्पित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुसार पुल निर्माण हेतु राशि का आवंटन अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने के लिये पुनरीक्षित प्राक्कलन स्वीकृत करने का विचार रखती है ?

सिंचाई सुविधा देना

*921. श्री उमाकांत यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पश्चिमी कोसी नहर के अन्धराठाढ़ी डिवीजन के अंतर्गत रमनीपट्टी से मुरहद्दी उप-वितरणी का निविदा निकालकर उसका निष्पादन दो माह पूर्व ही हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से संबंधित मिट्टी का कार्य नहीं हुआ है, जिससे किसानों को सिंचाई नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नहर की खुदाई कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पईन का पक्कीकरण

*922. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत गोविन्दपुर प्रखण्ड स्थित ककोलत जल प्रपात से निकली पईन से आस-पास स्थित 20 ग्रामों का हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई नियमित रूप से होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पैईन का पक्कीकरण नहीं होने से तथा पईन में बालू-पत्थर भर जाने के कारण काफी पानी का नुकसान हो जाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पैईनों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिया का चौड़ीकरण

*923. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखण्डान्तर्गत आजादी के समय से दोन कैनाल में ग्राम-मेहनौल, कलागाँव, मेहनौल खुर्द, बेलसंडी, मटिहानी, कोहरगडंडी, पिपरिया, बजड़ा एवं त्रिवेणी कैनाल में ग्राम-महुआभुसा, शहरवा, कुशहवा, मेधौली, मझरिया आदि गाँवों के पास निर्मित पुलिया वर्ष 2007 में क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित गाँवों के पास क्षतिग्रस्त पुलिया का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव से बचाव

*924. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखण्ड के बैंगलपुर पंचायत में लोहा पुल से खर्रा पुल तक मनी नदी का कटाव हो रहा है, जिसके कारण उक्त पंचायत के लोगों का आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मनी नदी के कटाव को कबतक रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*925. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 28, बछवाड़ा से तेघड़ा तक एक माह पूर्व बनने के साथ ही जहाँ-तहाँ गड्ढे हो गये हैं, जबकि पाँच वर्षों तक निर्माण करने वाले संवेदक को इसके रख-रखाव करने की जवाबदेही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 31 जीरो माईल से खगड़िया तक पूर्णतः जर्जर हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों की मरम्मती कराना चाहती है ?

---

पईन का उड़ाहीकरण

*926. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्ड के अगनूर के उत्तर जलवइया कलेर, अरदली विगहा, दुरईपुर, कथराइन पईन पटवन के लिये एक मात्र साधन है, जो जीर्ण-शीर्ण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

*927. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तरकटैया प्रखंड में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना में वित्तीय वर्ष 2011-12 में दुम्मारही नहर से पूरब अगवमपुर फार्म आर0 ई0 ओ0 पीच रोड तक पथ निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 147.75 लाख की स्वीकृति कर कार्यकारी एजेंसी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सहरसा द्वारा सम्पादित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में संवेदक द्वारा काफी शिथिलता एवं कार्य की गुणवत्ता प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य की जाँच करवाकर कार्य पूर्ण कराने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

पुल बनाना

*928. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के बरबट्टा से शाहनगरा जाने वाली पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क में महुआधार में अबतक पुल निर्माण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के महुआधार में पुल नहीं होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के महुआधार में पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नलकूप लगाना

*929. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली विधान-सभा क्षेत्र में एक भी राजकीय नलकूप नहीं रहने के कारण स्थानीय,किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण यहाँ के किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में कबतक नलकूप लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सोलिंग कराना

*930. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बरफपुर विधान-सभा अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत तारालाही से सिमरी पथ, देकुली से सिसौनी पथों का निर्माण वर्ष 2012 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों के दोनों तरफ सोलिंग नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों के दोनों तरफ सोलिंग कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक; नहीं, तो क्यों ?

------

पथ की मरम्मती

*931. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्ड का जैयपुर हसपुरा पथ बिल्कुल जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जैयपुर-हसपुरा पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*932. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखंड में वर्ष 2009-10 में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से पकरीवरावाँ-हसनगंज पथ का निर्माण कार्य शुरू हुई तथा संवेदक को एक वर्ष के अन्दर कार्य पूरा करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में सिर्फ मिट्टी भराई एवं जी0एस0बी0 का ही कार्य हुआ है, विगत दो वर्षों से कार्य बन्द है, जिससे पथ पर वाहनों के परिचालन में काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पकरीवरावाँ से हसनगंज पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

जाँच एवं कार्य पूर्ण कराना

*933. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के पी0डब्लू0डी0 राजनपुर कर्णपुर पथ में बड़गाँव के निकट पुल निर्माण का कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी शिथिलता बरती जा रही है, जिससे ससमय कार्य पूर्ण नहीं होने से लोगों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण कार्य की जाँच करवाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पुलिया का निर्माण

*934. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के विशुनपुर वितरणी के 61.50 आर0डी0 हलुआर नया बाजार के समीप विशुनपुर वितरणी में पूर्व से निर्मित पुलिया पूर्णतः क्षतिग्रस्त है, जिससे विशुनपुर नहर से सिंचाई कार्य वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराना चाहती है ?

## कैनाल की सफाई

*935. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत उत्तरी कोयल नहर से निकलने वाली कैनाल सोनडीह-1,2,3 की सफाई नहीं की गयी है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनडीह- 1,2,3 की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*936. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''डेढ़ वर्षों से अधर में लटका है सड़क पुल निर्माण कार्य'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली, कलुआही मुख्य पथ पर ठाहर गाँव स्थित बिसहारा स्थान के समीप पश्चिमी कोशी नहर पर पुल का निर्माण कार्य रूबी कॉन कंसट्रक्शन, चंडीगढ़ द्वारा 41 लाख की लागत से 2012 में प्रारंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण कार्य डेढ़ वर्षों से बंद है तथा निर्माणाधीन पुल के बगल में बनाए गए डाईवर्सन का हाल भी जर्जर है, जबकि खजौली रैक प्वाइंट होने से सैंकड़ों भारी वाहनों का आवागमन जोखिम भरा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## छिलका पुन: निर्माण

*937. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड के ग्राम विशुनपुर चुन्नूचक के निकट गोइठवा नदी पर स्थित छिलका का निर्माण 40 वर्ष पूर्व हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही हैं कि उक्त छिलका से तीन हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो रही थी, परन्तु उक्त छिलका विगत 15 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है, जिससे तीन हजार हेक्टेयर जमीन में सिंचाई सुविधा बन्द हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छिलका के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का निर्माण

*938. डॉ0 रामानंद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखण्ड में गौरीचक पुनपुन सुरक्षा बाँध पथ जो सिंचाई विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग को स्थानांतरण कर दिया गया है, की स्थिति बिल्कुल जर्जर है तथा ग्रामीणों की पैदल एवं वाहन से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ की मरम्मती

*939. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के मटिहानी प्रखण्ड के अंतर्गत सफापुर-लालपुर पथ निर्माण के साथ ही गड्ढे में तब्दील हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लालपुर से बहदरपुर तक की सड़क पूर्णत: गड्ढे में तब्दील है और उसके संपर्क पथ भैरवार बहदरपुर कोठिया पथ भी चलने लायक नहीं रह गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथों की मरम्मती और निर्माण कराना चाहती है ?

--------

## नाला का पुन: निर्माण

*940. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के सपही रघुनाथपुर, शंकर सरैया, तुरकौलिया बोरिंग चौक स्थित नलकूप का नाला ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूपों के नाला का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*941. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अंतर्गत तरियानी प्रखंड के बंशी पयरा, महेन्द्र वारा से ताजपुर तक पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2010-11 तक करना था, परन्तु अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*942. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा प्रखण्ड के मलहरिया पंचायत के कोठी टोल महादलित टोला से देवदा गाँव होते हुये मलहरिया पीच रोड तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कोठी टोल महादलित टोला से देवदा गाँव होते हुये मलहरिया पक्की सड़क तक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो क़बतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

जाँचोपरान्त पथ की मरम्मती

*943. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान के मेहरौना से सिशवन गयासपुर एवं शिसवन गयासपुर से छपरा तक 2009-10 में पथ निर्माण कार्य किया गया है जिसके जर्जर होने के कारण आमजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को जाँचोपरान्त कबतक मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*944. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान से फूलतोड़ा धार सड़क का तत्कालीन मुख्य मंत्री के द्वारा वर्ष 2013 में शिलान्यास किया गया था, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जल निकासी नहीं होने का औचित्य

*945. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के हनुमान नगर एवं हिरदोपट्टी ग्राम के मनुसमारा जल निस्सरण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में 10 करोड़ रु0 जल निकासी हेतु व्यय किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 करोड़ रु0 व्यय होने के बावजूद भी उक्त स्थानों पर जलजमाव पहले की तरह है जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 10 करोड़ रु0 व्यय करने के बावजूद आजतक जल निकासी नहीं होने का क्या औचित्य है ?

आश्रय स्थल का निर्माण

*946. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत नौआबाखर ग्राम हँसा कोशी नदी के दोनों तटबंध के बीच अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के लोगों को बाढ़ और बरसात के दिनों में सभी जगह पानी रहने से मवेशियों और आदमी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में समुचित आश्रय स्थल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नाला का जीर्णोद्धार

*947. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड के ग्राम बरसंडा में कटिया नाला की खुदाई, साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार नहीं होने से स्थानीय किसानों को कृषि कार्य में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कटिया नाला की खुदाई, साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का जीर्णोद्धार

*948. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के धरौड़ा चौक से सझुआर तक एवं माधोपुर देवहर टोल से सुपौल तक जाने वाली पथ की स्थिति जर्जर है जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुलिया का निर्माण

*949. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड अधौरा ग्राम कोलुहाँ के दुमुहवा नाला पर पुलिया तथा दिघार गाँव एवं चौधरना गाँव के गुरूवट नदी पर पुल नहीं रहने से आवागमन बाधित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*950. श्रीमती पुनम देवी यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में मानसी प्रखण्ड का सृजन वर्ष 1994 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन की प्रक्रिया के अभाव में आजतक प्रखण्ड कार्यालय पंचायत भवन और सामुदायिक भवन में चल रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रखंड कार्यालय सह आवासीय परिसर कबतक बनाने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*951. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पी०डब्लू०डी० सड़क बथिया-नारायणपुर-ककौढ़ा-महिया-वेवना राजाखड़वार झंझारपुर-एन०एच०ए०आई फोर लेन सड़क तक पथ, स्टेट हाईवे बहेड़ा-झंझारपुर पथ के पथांश पुतई से कठरा-इजरहट्टा-हरियठ-मिल्की सी०आर०एफ० सड़क पथ एवं मथौर-गरौल-चक्का-अलीनगर-नरमा नारी बिरौल पथ तक सड़क को विभागीय अधिसूचना सं० प्र०-8/पथ अधि०-19-17/2011 8225(इ), दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में विशेष मरम्मती एवं उन्नयन हेतु अधिग्रहित किया गया था लेकिन आजतक उक्त सड़कों का न तो विशेष मरम्मती करायी गयी और न ही उसका उन्नयन कराया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़कों की विशेष मरम्मती एवं उन्नयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*952. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत प्रखंड परिसर बासोपट्टी में 32 लाख की लागत से भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र भवन का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जबकि दिसम्बर, 2013 तक पूरा करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन अधूरा रहने से गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम का क्रियान्वयन बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अधूरे भवन का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री—(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि 31 लाख 788 रुपये की लागत से बासोपट्टी प्रखंड परिसर में 'भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र' भवन हेतु मई, 2013 में जिला स्तर से प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये योजना क्रियान्वयन हेतु पंचायत समिति बासोपट्टी को कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया गया तथा प्रथम किस्त के रूप में 4.00 लाख रुपये की राशि विमुक्त की गई। कार्यान्वयन एजेंसी की अधियाचना पर नवम्बर, 2013 में द्वितीय किस्त के रूप में 15.00 लाख रुपये विमुक्त की गई है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का कार्यालय वर्तमान में प्रखंड परिसर में कार्य कर रहा है। जहाँ मनरेगा अंतर्गत सारे प्रशासनिक कार्य किये जाते हैं।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। कार्यान्वयन एजेंसी पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी लोक सभा निर्वाचन, 2014 में पदेन सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नामित होने के कारण निर्वाचन संबंधी कार्यों में उनकी सक्रियता रही फलस्वरूप निर्माण कार्य प्रभावित होने से विलंब हुआ है। सम्प्रति योजना का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

मुआवजा का भुगतान

*953. श्रीमती सुखदा पाण्डेय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1977-78 में ही बक्सर-कोइलवर तटबंध के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बक्सर-कोइलवर तटबंध के निर्माण के क्रम में मौजा उमरपुर, थाना नं० 383, अंचल बक्सर के सैकड़ों किसानों की उपजाऊ भूमि को मुआवजा देने के नाम पर अधिगृहित किया गया, किन्तु आजतक मुआवजा नहीं मिला, जिससे वे भुखमरी के कगार पर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित अधिगृहित जमीन के मुआवजे से वंचित किसानों को सूद के साथ भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

पथों की मरम्मती

*954. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के भंडार से त्रिहुली पथ, करसहीया लिंक पथ एवं घोड़ासहन प्रखण्ड के चीरता चौक से महुआही पथ एवं पुरनहीया झरौखर रोड से घोड़ासहनपथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुख्य सड़क से जोड़ना

*955. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार 250 की आबादी वाले सभी गाँव/टोलों को मुख्य सड़क से संपर्कित करने हेतु संकल्पित है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के ग्राम चनौर, रामचन्द्र सेमरिया (ओझवलिया), कस्टोलिया, दिलमनपुर, टिकठी, गांगापुर, भूसौला, गोविन्दपुर एवं रक्सौल टोला तथा बिहियां प्रखंड के ग्राम-दुबौली, रमदत्तही, नवाडीह तथा राम लगन राम लाल के डेरा की आबादी 250 से ज्यादा होने के बावजूद आजतक इन्हें मुख्य सड़क से संपर्कित नहीं किया गया है जिस कारण इन गाँवों का विकास बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों को मुख्य सड़क से संपर्कित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*956. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के रामदेली पंचायत के हासनिया महादलित टोला से निसार पीच रोड तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हरे राम मुखिया,<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान-सभा।

पटना :<br>दिनांक 16 जुलाई, 2014 ई०।

---

बि०स०मु०(एल०ए०)62-डी०टी०पी०-450